सेवा में,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

विषय :- मानव तस्करी एवं पत्नी को दबंग द्वारा बंधक बनाकर रखने के सम्बन्ध में।

आदरणीय महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी लखपत सिंह पुत्र झम्मन लाल निवासी ग्राम असदनगर, थाना मीरगंज, जनपद बरेली का है, प्रार्थी लखपत सिंह पुत्र झम्मन लाल की पत्नी प्रियंका को बच्चे लक्ष्मण सहित अगवा कर लिया था , अगवा करवाने में लखपत सिंह के भाई रामदास और भाभी रीता का हाथ है, काफी दिनों की खोजबीन के बाद लखपत सिंह की पत्नी प्रियंका व बेटे लक्ष्मण का पता चला कि दोनों चंद्रपाल पुत्र रामबहादुर निवासी जनपद बरेली, थाना शाही, के ग्राम पंथरिया के पास है।
अगवा होने के समय पर लखपत की पत्नी प्रियंका गर्भवती थी जिससे लखपत का एक पुत्र ने और जन्म लिया जिसको चंद्रपाल पुत्र रामबहादुर के द्वारा एक लाख रूपए में भूपराम पुत्र मी लाल निवासी जनपद बरेली के थाना शाही ग्राम पंथरा को बेच दिया गया।
पीड़ित लखपत सिंह द्वारा काफी प्रयत्न किये गए तो चंद्रपाल पुत्र रामबहादुर ने उसके बड़े पुत्र लक्ष्मण आयु पांच वर्ष को उसको सौंप दिया किन्तु उसकी पत्नी प्रियंका को नहीं दिया गया, चंद्रपाल पुत्र रामबहादुर एक दबंग और बदमाश किस्म का व्यक्ति है उसने लखपत की पत्नी प्रियंका को डरा धमका कर अपने घर में जबरन रखा हुआ है, पीड़ित लखपत सिंह ने शासन प्रशासन व उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी किन्तु कहीं से कोई न्याय नहीं मिला, पीड़ित न्याय की आस में दर बदर भटक रहा है।
महोदय से अनुरोध है उक्त प्रकरण की गंभीरता से जांच करवा कर प्रार्थी को उसकी पत्नी एवं नवजात शिशु को वापस दिलवाया जाये व दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाये आपकी महान कृपा होगी
धन्यवाद

प्रार्थी
लखपत पुत्र झम्मन लाल
निवासी ग्राम असदननगर, थाना मीरगंज, जिला बरेली।
मोब. 8394065356